Hindustan 24/11/2017

टीएमबीयू के छात्र सीखेंगे ओपेन सॉफ्टवेयर चलाना

भागलपुर | वरीय संवाददाता

भागलपुर विश्वविद्यालय के छात्र ओपेन सॉफ्टवेयर चलाना सीखेंगे। इसके लिए एक कार्यशाला का आयोजन 16 से 18 जनवरी तक एमसीए विभाग में किया जाएगा। कार्यशाला में दिल्ली के जामिया मिलिया इस्मालिया, अलीगढ़ मुस्लिम विवि और आईआईटी बॉम्बे से शिक्षक आएंगे।

एमसीए विभाग के हेड प्रो नेसार अहमद ने बताया कि इस कार्यशाला के जरिये छात्रों को बाजार में मिलने वाले ओपेन सॉफ्टवेयर की पूरी जानकारी, इसे चलाने के तरीके और काम करने के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा छात्रों को इसके लिए एक प्रशिक्षण अलग से दिया जाएगा। विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यशाला में छात्रों के अलावा शिक्षक और शोधकर्ता भी शमिल हो सकते हैं। यह कार्यक्रम सभी आईटी में दक्ष करने के लिए किया जा रहा है।

कौशल विकास कार्यक्रम के तहत दी जाएगी ट्रेनिंग

एमसीए विभाग एआईसीटीई से कौशल विकास कार्यक्रम चलाने के लिए अनुमति मिली है। विभागाध्यक्ष प्रो नेसार अहमद ने बताया कि 25 सीटों पर इसके तहत दाखिले होंगे। 12वीं पास छात्र इसमें आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी महीने से रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद प्लेसमेंट की भी व्यवस्था की जाएगी।